बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 08.07.2016 से 30.07.2016 तक पटना के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में भाग लेने वाले कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र देकर निम्नांकित बिन्दुओं पर यथाः–

पिता/पति के नाम में सुधार, भरे गये ऐच्छिक विषय में सुधार, अपने शारिरिक सूचना के संबंध में सुधार, फोटो दूसरे का अपलोड होने के संबंध में, फार्म में दूसरे का हस्ताक्षर पेस्ट होने के संबंध में सुधार, सरकारी सेवक के पद में बदलाव के संबंध में, निःशक्तता की सूचना छूट जाने के संबंध में, वर्तमान एवं स्थाई पता में बदलाव के संबंध में, शैक्षणिक सूचना में सुधार के संबंध में, पूर्व नियोजन के विवरण में सुधार के संबंध में, पूर्व सैनिक के संबंध में दिये गये सूचना में सुधार, वैवाहिक स्थिति में सुधार, मोबाईल संख्या में सुधार, अनुलग्नकों की स्वअभिप्रमाणित प्रति पुनः भेजने, ई–मेल में सुधार करने के संबंध में, लिंग के कॉलम में गलत सूचना भरे जाने आदि के संबंध में आवश्यक सुधार करने का अनुरोध किया गया है।

अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदन पत्रों की समीक्षा के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु Online आवेदन जिस रूप में भरा गया है, उसमें तत्काल कोई सुधार नहीं किया जा सकता है।

06/7/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना